रेक्स डी रोज़ारियो

एक स्कूल ऐसा भी

यह दुनिया का सबसे दूरदराज इलाके में बसा स्कूल है – शायद। चीन के सिचुआन प्रान्त के गुलू गाँव में स्थित यह स्कूल ऊँचे पहाड़ पर बना है। गुलू गाँव चीन के एक राष्ट्रीय उद्यान की दादू नदी घाटी में बसा है और वहाँ से स्कूल पहुँचने में बच्चों को कम-से-कम पाँच घण्टे लगते हैं। घाटी से स्कूल जाने का एक ही रास्ता है जिसे लुओमा पथ कहते हैं। कहीं-कहीं यह रास्ता इतना ढलवाँ, घुमावदार और संकरा (सवा फुट चौड़ा) है कि ऊपर चढ़ना आसान काम नहीं है। यह रास्ता 2003 में बना था। इसके बनने के पहले गाँववालों का बाहरी दुनिया से कोई सम्पर्क नहीं था। यह इलाका बाहरी दुनिया से इतना कटा था कि यहाँ के बच्चों ने कभी मोटर गाड़ी तक नहीं थी।

गाँव की सबसे शानदार इमारत है, यह स्कूल। कांक्रीट की इस इमारत में पाँच कक्षाएँ हैं। एक बास्केटबॉल कोर्ट भी है लेकिन खेलते समय ध्यान इसी बात पर टिका रहता है कि गेंद कहीं घाटी में न गिर जाए।

धरती मुझे गोद में लेकर

धरती मुझे गोद में लेकर
गुलाबी ठण्ड से नहलाती है
फुहारों से भिगाती है
मौसम-मौसम घुमाती है

धरती मुझे गोद में लेकर
सूरज के चक्कर लगाती है

चन्दन यादव